सुबह शाम जपले शिव का नाम | By Pooja Shrivastava

जीवन में जो चाहे आराम
सुबह शाम जपले शिव का नाम
शिव के नाम से गूंजे चारो धाम
शिव जी का करले गुणगान
मिट जायेंगे दुखड़े तमाम
सुबह शाम जपले शिव का नाम

वरदानी है शिव भगवान्
जन जन का करते कल्याण
शिव जी का जो नाम रटता
निर्धन हो जाए धनवान
जीवन में जो चाहे आराम
सुबह शाम जपले शिव का नाम

भस्मासुर ने किया अभिमान
हर लिए शिव ने उसके प्राण
शिव जी से जो छल करता
मिट जायेगी उसकी पहचान
जीवन में जो चाहे आराम
सुबह शाम जपले शिव का नाम

बड़ा ही सुन्दर शिव का नाम
कर लो शिव के दर्शन आठों याम
सारे जग में डंका बजता
जय जय बोले सारा ही जहान
जीवन में जो चाहे आराम
सुबह शाम जपले शिव का नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%ac%e0%a4%b9-%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%aa%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-pooja-shrivastava/